हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 2 अक्टूबर 2025

04 अब नहीं चलेगी लेट लतीफी: कार्यालयीन...



09 अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर पं. दीनदयाल...





### कन्या भोज के बाद कन्याओं को उपहार भेंट किए गए

# पीतांबरा सेवा समिति के भंडारे में पंद्रह सौ कन्याओं के पैर पूजकर कराया भोज






हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

शारदीय नवरात्रि के अंतिम दिन बुधवार को सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर के समीप पीताम्बरा सेवा समिति के भंडारा परिसर में समिति द्वारा पंद्रह सौ कन्याओं के पैर पूजकर कन्या भोज कराया गया। बुधवार को प्रातः 10 बजे से भंडारा परिसर में पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा कन्या पूजन का कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। समिति सदस्यों व अन्य माता भक्तों द्वारा पंद्रह सौ से अधिक कन्याओं के पैरों को पखार कर पूजन किया गया। कन्या पूजन के बाद भंडारा परिसर में कन्या भोज का आयोजन हुआ। कन्या भोज के उपरांत सभी कन्याओं को उपहार भेंट किए गए।

## नवरात्रि पर्व के अंतिम दिवस मां बगलामुखी मंदिर पर बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु







**नलखेड़ा।** मां बगलामुखी मंदिर पर शारदीय नवरात्रि पर्व के अंतिम दिवस नवमी पर दर्शन करने वाले भक्तों का तांता लगा रहा। भक्तों को गर्भ गृह के बाहर से माता रानी के दर्शन करवाए गए। मंदिर पर होने वाली मंगला एवं संध्याकालीन आरती में बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। भक्त अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए माता मंदिर में विशेष हवन-अनुष्ठान कर पूजन भी करवा रहे हैं। पर्व के दिनों में मां बगलामुखी का प्रतिदिन विभिन्न रंगों की चुनर एवं आभूषणों के साथ श्रृंगार किया गया, माता के मनोहारी रूप की एक झलक पाने के लिए भक्त आतुर दिखाई दे रहे हैं। नवरात्रि पर्व को लेकर नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्ध पीठ मा बगलामुखी मंदिर पर पर्व के प्रथम दिन से ही भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लग रही है। इसके साथ ही माता रानी की प्रतिदिन होने वाली प्रातः 6 बजे मंगला आरती एवं 7.30 बजे होने वाली संध्याकालीन आरती में भी बड़ी संख्या में भक्त शामिल होकर ढोल-नगाड़ों, घंटे घड़ियाल की धुन पर भक्ति में लीन हो रहे हैं।

### कन्याओं को चूनर ओढ़ाई

मंदिर के मुख्य पुजारी मनोहरलाल पंडाजी द्वारा सभी कन्याओं को माता रानी की चूनर ओढ़ाई गई। इस दौरान समिति सदस्यों के साथ ही मंदिर की व्यवस्थाओं में लगे प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारियों, सेवादारों, विभिन्न स्थानों से आए भक्तों एवं स्थानीय भक्तों द्वारा कन्या पूजन का लाभ प्राप्त किया गया। कन्या पूजन व कन्या भोज के बाद बाहर से पधारे भक्तों के लिए भोजन प्रसादी प्रारंभ हुई जोकि शाम 7.30 बजे तक जारी रही। भंडारा परिसर में नवरात्रि के प्रथम दिवस जलाए गए अखंड दीपक का विसर्जन देर शाम मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से किया गया।

## भव्य चूनर यात्रा के साथ निकला आकर्षक झांकियों का कारवां




**नलखेड़ा।** शारदीय नवरात्रि के अंतिम दिन बुधवार को ग्राम भैसोदा की भव्य चूनर यात्रा आकर्षक झांकियों के कारवां के साथ मां बगलामुखी मंदिर पहुंची जहां माता रानी को चूनर समर्पित की गई। बुधवार को ग्राम भैसोदा की चूनर यात्रा सिद्धपीठ पर पहुंची। चूनर यात्रा में धार्मिक व राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कई झांकियां शामिल थी। आगे आगे बालिकाएं गरबा करती चल रही थीं। जिनमें खड्ग से गरबा कर रही बालिकाएं आकर्षण का केंद्र थीं। उसके पीछे बालिकाएं ताशा बजाते चल रही थीं। ग्रामवासी व युवाजन बैंड व ढोलक की थाप पर थिरकते चल रहे थे। महिलाएं सिर पर चूनर धारण कर माता रानी के जयकारे लगाते चल रही थीं। चुनर यात्रा में किसानों पर आधारित झांकी, बैलगाड़ी में राधा कृष्ण की झांकी, मां बगलामुखी मंदिर की झांकी,नव दुर्गा की झांकी, बाबा महांकाल व राम लक्ष्मण व माता सीता की झांकी के साथ ही कई आकर्षक झांकियां शामिल थीं। चूनर यात्रा के साथ ही ग्राम में सार्वजनिक पांडाल में स्थापित की गई माता प्रतिमाओं को भी विसर्जन हेतु लाया गया। प्रतिमा को ग्रामवासियों द्वारा मां बगलामुखी मंदिर के पीछे स्थित लखुंदर नदी में विसर्जित की गई।




# एक बीएलओ निलंबित, पांच को कारण बताओ नोटिस थमाए गए

### मतदाता पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने पर एसडीएम ने की कार्रवाई

**सीहोर।** मतदाता विशेष सघन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने पर सीहोर एसडीएम ने कार्रवाई की है। एसडीएम तन्मय वर्मा ने मतदाता नामावली मेपिंग कार्य में लापरवाही बरतने पर एक बीएलओ को निलंबित किया है जबकि पांच अन्य बीएलओ कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। सीहोर विधानसभा अंतर्गत आने वाले ग्राम छतरपुरा बीएलओ प्रवीण श्रीवास्तव पर निलंबन की कार्रवाई की गई है।

इसके साथ ही पुनमचन्द्र तिवारीग्राम बरखेडा हसन, धरमसिंह वर्मा ग्राम जानपुर बावडिया, गोविंद सिंह झलावा ग्राम शेखपुरा, सुनील गिरोठिया मतदान क्रमांक 240 सीहोर, विश्वजीत राय मुंगावली को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। गौरतलब है कि निवार्चन नामावली का गहन पुनरीक्षण 2025 का डाटा वर्ष 2003 की निर्वाचक नामावली से मेपिंग कार्य किया जा रहा है। राजस्व विभाग और बीएलओ यह कार्य कर रहे हैं, लेकिन कई बीएलओ द्वारा समय पर मेपिंग डाटा निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है।



### फर्जी वोटर को पकड़ने का अभियान

उल्लेनीय है कि विपक्षी दलों द्वारा सत्तारुढ भाजपा और निर्वाचक आयोग पर फर्जी वोटर और वोटर लिस्ट में गडबडी के गंभीर आरोप लगाए गए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को 12 सिंतबर को पत्र जारी किया गया था। जिसमें निर्वाचक नामावली का सघन पुनरीक्षण 2003 के डाटा एवं वर्ष 2025 की निवार्चक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं के विवरण की मेपिंग कार्य 19 सिंतबर तक पूर्ण करना था, बाद में इसकी तारीख में बदलाव किया गया। वर्तमान में मेपिंग कार्य जारी है। सीहोर नगर तहसीलदार अमित सिंह ने बताया कि मेपिंग का डाटा उपलब्ध नहीं कराने पर यह कार्रवाई की गई है, पहले चरण का कार्य पूर्ण हो चुका है, यह काम कई चरणों में होगा।

## रामायण पाठ की विश्रांति पर हवन व कन्या पूजन हुआ



**नलखेड़ा।** नगर के मध्य चौक बाजार में स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर शारदीय नवरात्रि पर चल रहे अखंड रामायण पाठ की विश्रांति पर हवन व कन्या पूजन का आयोजन हुआ। श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर नवरात्रि के प्रथम दिवस से चल रहे अखंड रामायण पाठ की महानवमी बुधवार को विश्रांति हुई। इस मौके पर मंदिर परिसर में हवन कन्या भोज व कन्या पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंचमुखी हनुमान जी का आकर्षक श्रृंगार किया गया था। मंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया था।

# नवरात्रि के अंतिम दिवस देवी के नौ स्वरूपों के साथ निकली प्रभातफेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के निमित नगर में प्रारंभ हुई श्रीराम संकीर्तन यात्रा अनवरत जारी है। श्रीराम संकीर्तन मंडल द्वारा वर्ष भर में आने वाले पर्व व त्यौहार प्रभातफेरी में मनाए जाते हैं। इसी के चलते शारदीय नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन अलग-अलग देवी स्वरूपों के साथ प्रभातफेरी निकाली जा रही थी। नवरात्रि के अंतिम दिन नवमी पर देवी के नौ स्वरूपों के साथ प्रभातफेरी निकाली गई।

बुधवार को प्रातः 5.30 बजे चौक बाजार से श्रीराम संकीर्तन यात्रा प्रारंभ हुई। जिसमें देवी के नो स्वरूप में नो बालिकाएं शामिल थी। भक्तगण झांझ मजीरों व ढोलक पर भजन गाते चल रहे थे। प्रभातफेरी चौक बाजार से गणेश चौराहा गवलीपुरा होते हुवे मां बगलामुखी मंदिर पहुंची जहाँ देवी भजनों की प्रस्तुति व दर्शन उपरांत मां बगलामुखी मंदिर पर पुजारी परिवार द्वारा कीर्तन मंडल में शामिल सभी भक्तों का माता की चूनर ओढ़ाकर सम्मान किया गया। यहां से प्रभातफेरी पुनः चौक बाजार स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पहुंची जहां श्रीराम स्तुति के बाद समापन हुआ।




## चंद्रप्रभा श्रीजी के 19वें प्रवर्तिनी पदारोहण वर्ष निमित्त गुरु गुणानुवाद सभा कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

श्वेतांबर जैन समाज द्वारा महा मांगलिक प्रदात्री, प्रवर्तिनी चंद्रप्रभा श्रीजी म.सा. के 19 वें प्रवर्तिनी पदारोहण वर्ष निमित्त गुरु गुणानुवाद सभा का कार्यक्रम विजयादशमी पर्व पर आज रखा गया है। जिसमें पूज्यश्री के जीवन पर साध्वी मंडल के साथ समाजजनों द्वारा प्रकाश डाला जाएगा। जैन समाज में इस वर्ष रत्ननिधि म.सा.,प.पू. पुण्यनिधि म.सा. प.पू. कला निधि म.सा, श्रद्धा निधि म.सा, प्रज्ञा निधि म.सा. का चातुर्मास जैन आराधना भवन पर चल रहा है।



साध्वी मंडल की प्रेरणा एवं पावन निश्रा में जहां वर्धमान तप तथा शाश्वत नवपद ओलीजी की धर्म आराधना चल रही है। वही नलखेड़ा नगर की धन्य धरा पर पहली बार प्र.म. श्री चंद्रप्रभा श्रीजी.म.सा. के 19 वें प्रवर्तिनी पदारोहण वर्ष निमित्त गुरु गुणानुवाद सभा का कार्यक्रम विजयादशमी पर्व पर आज जैन आराधना भवन पर प्रातः 9:15 बजे से रखा गया है। जिसमें विविध मंडलों द्वारा भजन प्रस्तुति व गुरु भक्तों द्वारा गुणानुवाद किया जाएगा। साथ ही सामूहिक सामायिक का कार्यक्रम भी रखा गया है।

### दिगंबर जैन समाज में चल रहे प्रवचन

# स्वार्थ के कारण यह जीव संसार में संबंध बनाता है: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

पारिवारिक संबंधों के प्रति राग, द्वेष होने से हम संसार में भटक रहे हैं। माता-पिता पालन पोषण करते हैं, संस्कार देते हैं। लेकिन माता-पिता से राग को छोड़ना पड़ेगा तभी हम मोक्ष मार्ग पर चल पाएंगे। स्वार्थ के कारण यह जीव संसार में संबंध बनाता है। स्वार्थ सिद्ध नहीं होने पर संबंध टूट जाते हैं। कर्म के उदय से जीव अच्छे बुरे परिणाम करता है। राग में नवीन कर्मों को बांध लेते हैं। संयोग और वियोग दोनों से कर्मों का बंध होता है।

दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु मुनि विवर्धन सागर महाराज व मुनि विश्व नायक महाराज सा. ससंघ विराजित है। बुधवार को अपने प्रवचन के दौरान मुनिश्री द्वारा यह बात समाजजनों के समक्ष कही गई। मुनिश्री ने कहाकि जहां देह अपनी नहीं होती है, वहां हम अन्य पर, वस्तु पर कैसे विश्वास कर सकते हैं। माता-पिता भी अपने नहीं है। हम लौकिक दृष्टि से देखे तो माता-पिता हमारा पालन पोषण करते हैं। लेकिन




आचार्यों का कहना है कि हम अनादिकाल से किसी को माता-पिता, भाई, बहन, पत्नी, पति मानते आ रहे हैं। इन संबंधों के प्रति राग, द्वेष होने से हम संसार में भटक रहे हैं। न जाने कितने भवों से हमारे आपस में संबंध चल आ रहे हैं। पूर्व में आपस में प्रीति होने से अगले भव में भी प्रीति रहती है। हमें इस सत्य को समझना चाहिए की माता-पिता पालन पोषण करते हैं। संस्कार देते हैं। लेकिन इन माता-पिता से राग को छोड़ना पड़ेगा तभी हम मोक्ष मार्ग पर चल पाएंगे।

मुनि श्री ने बताया कि यदि आदिनाथ भगवान यह सोचते रहते कि मुझे अपने माता-पिता की ही सेवा करना है तो क्या वह अपना कल्याण कर पाते? संसार के किसी भी जीव का संसार के संबंधों से राग नहीं होना चाहिए। मुनिश्री ने कहाकि वात्सल्य में गाय और बछड़े का दृष्टांत आचार्य श्री देते हुए बताते हैं की मां बेटे को जन्म देती है। मां की बेटे से अपेक्षा रहती कि बुढ़ापा में ध्यान रखेगा, सेवा करेगा, तीर्थ वंदन करवायेंगा। वही गाय अपने बछड़े को जन्म देने के बाद उससे कोई अपेक्षा नहीं रखती है। हम मनुष्यों को भी गाय और बछड़े के समान आपस में राग रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि मोह के उदय के कारण यह जीव पदार्थों के साथ स्थिर या अस्थिर संबंध मानता है। उनको एक रूप संबंध मानता है। जो ऐसा नहीं मानता वह बंधन से मुक्त होकर के मोक्ष को प्राप्त कर लेता है। राग रूपी परिणामों से कर्म बंध होता है।

मुनिश्री ने बताया कि एक बार पंडित वर्णी जी एक सेठ को वैराग्य की बात कहते हैं लेकिन सेठ जी कहते हैं कि मुझे परिवार के लोग घर नहीं छोड़ने दे रहे हैं। पंडित जी एक दिन खंबे को पड़कर कहते हैं कि छोड़ो-छोड़ो। यह दृश्य सेठजी देखते हैं तो पंडित जी से कहते हैं कि पंडित जी आप खंबे को छोड़ दो। कहने का आशय यह है कि परिवार के लोगों के द्वारा हमको नहीं पकड़ रखा है। हमने ऐसा मान रखा है। पूर्व कर्म उदय में आते हैं, कर्म के उदय से जीव अच्छे या बुरे परिणाम करता है। इस प्रकार किसी के प्रति राग रखने से हम नवीन कर्मों को बांध लेते हैं। संयोग और वियोग दोनों से कर्मों का बंध होता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य घर में बच्चे का जन्म होता है तो संयोग मानता हैं किसी के मरने पर वियोग मानता हैं और सुखी दुःखी होता हैं। ज्ञानी जीव इन कर्मों से बच जाता है। अन्यत्व भावना समझने पर दुःखी नहीं होता है। मुनिश्री ने कहाकि हम दूसरों को अपना मानते रहते हैं। लेकिन सब राग का परिणाम है। जिससे हमारी आवश्यकता की पूर्ति होती है उससे राग हो जाता है। काम निकल जाने से आपस में संबंध भूल जाते हैं। स्वार्थ के कारण यह जीव आपस में संबंध बनाकर रखता है। स्वार्थ नहीं सिद्ध होने पर संबंध टूट जाते हैं। अन्यत्व भावना नहीं जानने पर भव भ्रमण चलता रहेगा।

खबर संक्षेप

## श्री सिद्धि विनायक रेस्टोरेंट से नमूने लेकर परीक्षण प्रयोगशाला भेजे



**देवास।** मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेन्द्र ठाकुर ने श्री सिद्धि विनायक रेस्टोरेंट बिलावली बायपास चौराहा मक्सी रोड देवास का निरीक्षण कर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत मेंगो माजा ड्रिंक के टेट्रा पैक एवं बोतल के नमूने लेकर दोनों नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल को भेजे। उन्होंने बताया कि मेंगो माजा ड्रिंक में बदबू की शिकायत सोशल मीडिया पर वायरल होने पर विभाग द्वारा संज्ञान लेकर कार्यवाही की गई है।

## महिला ने जहरीला पदार्थ खाया, हुई मौत

**देवास।** एक महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि घर पर कोई नहीं था, तभी महिला ने यह किया। मामला मक्सी का है। सीता बाई लोधी (40) की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। पुलिस से बताया जहरीला पदार्थ खाने के बाद उन्हें परिजन देवास के अमलतास अस्पताल लेकर आए थे, जहां उनकी मृत्यु हो गई। जिला चिकित्सालय में मृतिका का पोस्टमार्टम किया गया। बताया गया है कि जब सीता बाई ने जहरीला पदार्थ खाया, उस समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। उनके परिवार में पति के साथ एक बेटी और एक बेटा है। उनकी शादी वर्ष 2003 में हुई थी। मृतिका का मायका देवास जिले के भौंरासा में है। पति विक्रम सिंह लोधी ने बताया कि बच्चों ने उन्हें जानकारी दी थी कि उनकी मां को उल्टियां हो रही हैं, जिसके बाद वे उन्हें अस्पताल ले गए। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है ताकि मौत के सही कारणों का पता चल सके।

### नगर निगम अधिकारियों व कर्मचारियों की फेस अटेन्डेस व्यवस्था हुई लागू

# अब नहीं चलेगी लेट लतीफी: कार्यालयीन समय में करानी होगी अपनी उपस्थिति दर्ज

एप निगम कार्यालय परिसर में ही अपनी उपस्थिती लेगा। इस लिये प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारी कार्यालयीन समय में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




राज्य शासन नगरीय प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार नगर निगम मे आधार बैस उपस्थित पद्धती लागू होगी। जिसमें नगर निगम मे कार्यरत नियमित, विनियमित, दैनिक वेतन भोगी, आउट सोर्स कर्मचारी भी शामिल रहेंगें। उक्त प्रणाली को प्रभावी रूप से क्रियान्वित कर लागू करने हेतु आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा निगम के समस्त विभाग प्रमुखों सहित स्वास्थ्य विभाग के समस्त दरोगाओं, स्वच्छता निरीक्षकों, सफाई दरोगाओं की एक आवश्यक बैठक ली जाकर आधार बैस एप की उपस्थिती के संबंध में योग्य मार्गदर्शन व दिशा निर्देश जारी किये गये। बैठक मे आयुक्त के निर्देश पर ई नगर पालिका द्वारा एप के संबंध मे पीपीटी के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई की एप किस तरह कार्य करेगा। अधिकारी, कर्मचारी अपनी उपस्थिती कैसे दर्ज करायेंगें। एप निगम कार्यालय परिसर मे ही अपनी उपस्थिती लेगा। इस लिये प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारी का कार्यालयीन समय मे अपनी उपस्थिती दर्ज करायेंगें। वार्डो मे कार्यरत सफाई मित्रों की उपस्थिती उनके कार्य समयानुसार वार्डो मे एक निश्चित लोकेशन पर एप के माध्यम से उपस्थिती दर्ज होगी। इसमे दरोगा अपने मोबाईल से सफाई मित्रों की उपस्थिती एक निश्चित पाईंट बनाकर अपने अधिनस्थ कर्मचारियों की आने जाने की दोनों समय की उपस्थिती दर्ज करनी होगी। बैठक मे आयुक्त के द्वारा निगम मे आधार बैस उपस्थिती मे निगम के आउट सोर्स कर्मचारियों को भी शामिल किया गया है। बैठक मे उपस्थित जहां पर आउट सोर्स कर्मचारी तैनात है उनके विभाग प्रमुखों को निर्देश जारी किये गये कि वे तत्काल कर्मचारियों की संख्या देने के पश्चात उनकी भी एप के माध्यम से उपस्थिती दर्ज करायें। आयुक्त द्वारा बैठक मे डोर टू डोर कर्मचारियों एवं अन्य आउट डोर कर्मचारियों जलप्रदाय, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं अन्य विभाग के कर्मचारियों की आधार बैस उपस्थिती वार्ड दरोगा अपने माबाई से अन्य व्यवस्था होने तक करेगें। आयुक्त ने बैठक मे उपस्थित दरोगाओं को निर्देशित किया गया कि मेरे द्वारा किसी भी वार्ड का आकस्मिक निरीक्षण प्रातरू एवं दोपहर की पारी मे किया जावेगा। इसमे उपस्थिती की भी जांच होगी। वर्तमान निरीक्षणों मे पाया गया की उपस्थिती दर्ज होने के पश्चात भी सफाई कार्य नहीं होना पाया गया। गंदगी होने से कचरा पाईंट निर्मित हो जाता है।आयुक्त के द्वारा घरों घर कचरा संग्रहण की गाडीयों पर प्रभावी नियंत्रण करने के निर्देश जारी किये गये। उन्होंनें कहा कि वार्ड क्षेत्रों के मान से गाडीयों की दो ट्रीप लगना आवश्यक है। जिससे वार्डो मे पर्याप्त मात्रा मे कचरा संग्रहित हो सके। इसमे ड्रायवर, हेल्पर को मेहनत करना होगी।शहर के विभिन्न क्षेत्रों मे किसी प्लाट पर एवं शासकीय भूमि पर कचरा पडा होने की शिकायतें प्राप्त हो रही है। यहां पर कचरा पडा रहने से शहर की सफाई कार्य व्यवस्था प्रभावित होती है। इन जगहों से भी कचरा उठाया जावे तथा दरोगा ऐसी व्यवस्था बनाये कि लोग इन पर कचरा नही डालें। पहले समझाईश देवें फिर चालानी कार्यवाही प्रस्तावित की जावे।आयुक्त ने भी निगम कार्यालयीन कर्मचारियों की पस्थिती की जांच के निर्देश जारी किये गये जिसमे रेडमली जांच की जावेगी। इसी बैठक मे आयुक्त के द्वारा दरोगाओं को निर्देश जारी किये गये कि खुले चेम्बर्स, खुली नालियां, वार्डो मे अन्य स्थानों पर गंदगी पाई जानें पर कार्यवाही प्रस्तावित की जावे। बैठक मे निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, आरती खेडेकर, उपायुक्त वित्त दीपक पटेल, प्रभारी कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती, जगदीश वर्मा, सहायक यंत्री सौरभ त्रिपाठी, दिनेश चौहान, मुशाहीद हन्फी, लेखा अधिकारी दिलीप गर्ग, स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया, ई नगर पालिका नोडल अधिकारी मृगेंद्र सिंह पवार, स्वच्छता निरीक्षक भूषण पवार, हरेन्द्रसिह ठाकुर, हेमन्त उबनारे, ओमप्रकाश पथरोड एवं प्रवीण पाठक, सुर्यप्रकाश तिवारी आदि सहित निगम अधिकारी उपस्थित रहे।

# वैशाली नगर में घर में मिला युवती का शव

### युवती की हत्या की आशंका



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के वैशाली नगर के घर में बुधवार दोपहर महिला का शव मिला। प्रारंभिक जांच में यह दो दिन पुराना बताया जा रहा है।

पुलिस ने पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। दरअसल शहर की वैशाली एवेन्यू कॉलोनी में बुधवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब एक मकान से तेज बदबू आने लगी।स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और बाहर से लगे ताले को तोड़कर अंदर दाखिल हुई। इसके बाद उन्हें अंदर करीब 19 वर्षीय युवती का शव मिला।प्रारंभिक जांच में पुलिस को हत्या की आशंका है। शव दो से तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की टीम भी मौके पर पहुंची और वहां से फिंगरप्रिंट समेत अन्य साक्ष्य जुटाए।पुलिस के अनुसार अब तक मृतका की पहचान नहीं हो पाई है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

मामले में सीएसपी सुमित अग्रवाल ने बताया किसूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची और ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया। महिला का शव बरामद किया गया है। मामले की गहन जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट व एफएसएल जांच के बाद ही मौत के असली कारण सामने आएंगे।मौके पर सीएसपी सुमित अग्रवाल और थाना प्रभारी श्याम सुंदर शर्मा भी मौजूद रहे। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

## आस्था और विश्वास के साथ संपन्न हुआ हवन



**भौरासा।** बुधवार को नवमी तिथि पर आयोजित पारंपरिक अनुष्ठान के साथ ग्राम नराना के समस्त देवी-देवताओं का पूजन-अर्चन किया गया। श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार से आह्वान कर, पुरोहित संतोष मेहता के मार्गदर्शन में पटेल दिलराज गौड़ ने पारंपरिक हवन में पूर्ण आहुति अर्पित कर विधि-विधानपूर्वक अनुष्ठान संपन्न कराया।ग्रामवासियों ने बताया कि पटेल (गौड़) परिवार पीढ़ियों से इस परंपरा का संरक्षण करते हुए प्रत्येक वर्ष सक्रिय भागीदारी के साथ गाँव की सुख, समृद्धि और शांति हेतु यह अनुष्ठान करते आ रहा है। हवन के उपरांत ग्रामीण अपने कृषियंत्रों, गृहयंत्रों एवं कवचों को हवन की पवित्र अग्नि पर से घुमा कर सिद्धि एवं आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।इस अवसर पर रायसिंह पटेल, देवकरण पटेल, ओमप्रकाश पटेल, आश्विन, अजय, दिव्यांशु, दिव्यम, सार्थक और अथर्व गौड़ सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी अर्जुन गोस्वामी ने दी।

## रामाश्रय परिसर में दशहरा पर होगा विशाल रावण दहन

**देवास।** धर्म, जनसेवा व सामाजिकता की त्रिवेणी रामाश्रय परिसर मक्सी रोड़, बिलावली में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विशाल रावण दहन के साथ विजयादशमी पर्व मनाया जाएगा। असत्य पर सत्य की विजय का पर्व विजयादशमी (दशहरा) पर 2 अक्टूबर, गुरुवार को रात्रि 8 बजे प्रभु श्री राम जी की महाआरती पश्चात रंगारंग आतिशबाजी की जाकर असत्य के प्रतीक रावण के 51 फिट ऊँचे पुतले का दहन किया जाएगा। सभी धर्मप्रेमी जनता अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील रामाश्रय ट्रस्ट के संस्थापक रमेश कुमार जीतमल अग्रवाल ने की है।

## मोती बंगला सिविल लाइंस क्षेत्र में श्री राम जानकी यात्रा व भव्य आतिशबाजी व रावण दहन का कार्यक्रम आज

**देवास।** संस्था श्री छत्रपति शिवाजी के द्वारा आज विजयादशमी के दिन मोती बंगला सिविल लाइंस क्षेत्र मे श्री गुरु टेक चन्द धर्मशाला से श्रीराम जानकी यात्रा सांय 6 बजे प्रारंभ होकर क्षेत्र के प्रमुख मार्गो से होकर शिव-शक्ति मैदान मोती बंगला पर समाप्त होगी वहां पर भव्य आतिशबाजी एवं रावण दहन का कार्यक्रम रखा गया है। यात्रा में बैंड बग्गी एवं सुंदर झांकियां होगी संस्था के संयोजक रवि जैन सभापति नगर निगम देवास व मिलिन्द सोलंकी ने यात्रा मे अधिक से अधिक संख्या में शहरवासी व क्षेत्र के रहवासी व मातृशक्ति शामिल होकर यात्रा व रावण दहन कार्यक्रम को सफल अपील की।

# सेन थॉम संस्थानों में धूमधाम से मनाया गया दशहरा उत्सव के साथ गांधी जयंती का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




सेन थॉम एकेडमी, भोपाल रोड और सेन थॉम पब्लिक स्कूल, बद्रीधाम नगर में दशहरा और गांधी जयंती के द्वि-आयामी अवसर को बड़े उत्साह और सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मनाया गया।दोनों परिसरों में कार्यक्रम की शुरुआत छात्र-छात्राओं द्वारा एंकरिंग करते हुए अतिथियों के गर्मजोशी भरे स्वागत से हुई। गांधीजी के जीवन और उनके आदर्शों पर दिए गए प्रेरणादायी भाषणों ने सत्य, अहिंसा और सादगी के उनके संदेश को एक बार फिर सभी के सामने जीवंत कर दिया।सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह की शोभा और भी बढ़ा दी। सेन थॉम पब्लिक स्कूल में आकर्षण का केंद्र रहा महिषासुर वध पर आधारित नृत्य-नाटक, जिसने अपनी ऊर्जावान प्रस्तुति और भक्तिमय भाव से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही धुनुची नृत्य ने बंगाल की समृद्ध संस्कृति को मंच पर उतार दिया। वहीं, सेन थॉम एकेडमी में मंचित भव्य रामायण नाटक ने वन गमन, शूर्पणखा प्रसंग, सीता हरण, वानर सेना की तैयारी, हनुमानजी का सीता माता से मिलन तथा अंत में श्रीराम द्वारा रावण वध जैसे प्रसंगों को जीवंत कर दिया। इस भावपूर्ण प्रस्तुति ने दर्शकों के हृदय को गहराई तक छू लिया।जूनियर छात्रों ने एक विचारशील नाटक प्रस्तुत किया जिसमें रावण को हमारे भीतर मौजूद अवगुणों का प्रतीक बताया गया। इस प्रस्तुति ने सभी को यह स्मरण कराया कि अच्छाई और बुराई के बीच संघर्ष हर व्यक्ति के जीवन का हिस्सा है।उत्सव का उल्लास तब और बढ़ गया जब दोनों विद्यालयों में गरबा नृत्य का आयोजन हुआ। नन्हें-मुन्नों ने अपने शिक्षकों संग पारंपरिक रंग-बिरंगे परिधानों में गरबा नृत्य प्रस्तुत किए, जिससे पूरे वातावरण में हर्ष और उल्लास का संचार हो गया।इस द्वि-आयामी उत्सव ने केवल गांधीजी के आदर्शों को सम्मानित किया, बल्कि अच्छाई की बुराई पर विजय का सुंदर संदेश भी दिया।

# वृद्धाश्रम बसेरा में मनाया अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




शहर के प्रबुद्धजनों ने सनातन पर्व के साथ मानवता पर्व का उत्सव वृद्धाश्रम 'बसेरा' में मनाया। नवरात्रि की दुर्गा नवमी पर मां दुर्गा की आराधना व पूजन के उपरांत अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर वहां रह रहीं 101 वर्षीय बुजुर्ग महिला सोरम बाई चौधरी का सम्मान किया गया। उन्हें सम्मानस्वरूप शॉल, श्रीफल तथा 1000 की राशि भेंट की गई। सम्मान पाकर बुजुर्ग महिला की आंखों से छलकते खुशी के आंसू और दिल से निकली दुआओं ने वहां मौजूद सभी प्रबुद्धजनों को भावविभोर कर दिया। सभी को ऐसा अनुभव हुआ मानो नौ दिनों तक की गई देवी शक्ति की आराधना का साक्षात फल मिल गया हो। इस अवसर पर न्यायाधीश अजय शर्मा, सामाजिक न्याय विभाग की उपसंचालक संगीता यादव, शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि व कार्यकर्ता मदन सिंह धाकड़, हेमंत वर्मा, अमरजीत सिंह खनूजा, निलेश जैन, डॉ. सचिन नागर, नवीन नाहर, हिमांशु दुबे, वृद्ध आश्रम प्रबंधक दिनेश चौधरी सहित ख्यात भजन गायक द्वारका मंत्री उपस्थित रहे। सभी ने बसेरा में निवास कर रहे वरिष्ठजनों का शॉल-श्रीफल से सम्मान किया। द्वारका मंत्री द्वारा प्रस्तुत गीतों और भजनों पर वृद्धजन झूम उठे और नृत्य करने लगे। साथ ही चेयर रेस, नींबू दौड़, कैरम, शतरंज व मोबाइल गेम जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें सभी वृद्धजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। अंत में सभी प्रबुद्धजनों ने वृद्धाश्रम के बुजुर्गों से आत्मीय संवाद किया और सम्मान, स्नेह एवं अपनत्व का भाव साझा कर उनके चेहरों पर खुशियां लौटा दीं। यह जानकारी चेतन उपाध्याय द्वारा दी गई।

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत शासकीय सेवकों को दी गई उपचार सेवाएं

# 1 लाख 73 हजार से अधिक नागरिकों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारम्भ किया गया। स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" सेवा सप्ताह पखवाड़े का आयोजन 17 सितम्बर 2025 से 02 अक्टूबर 2025 तक किया गया।

अभियान में महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर, मातृ एवं शिशु देखभाल हेतु जन-जागरूकता संबंधित गतिविधियां, जागरूकता एवं व्यवहार परिवर्तन पर सत्र का आयोजन, निक्षय मित्र नामांकन आयुष्मान कार्ड,दिव्यांगता प्रमाण पत्र सहित रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ.सरोजनी जेम्स बेक ने बताया कि इस सेवा सप्ताह के अंतर्गत शासकीय सेवको के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए बुधवार को कलेक्टर कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित समस्त आयुष्मान आरोग्य पीएचसी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सी.एच.सी) पर विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में शासकीय सेवकों के स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर परामर्श और उपचार सेवाएँ उपलब्ध करायी गयी। "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" सेवा सप्ताह पखवाड़े के अंतर्गत देवास जिलें में अब तक 1 लाख 73 हजार 345 से अधिक नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण स्क्रीनिंग की गई। वृद्धजनों का हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजनी जेम्स बेक ने बताया की जिला अस्पताल देवास सहित शहरी प्राथमिक संजीवनी क्लीनिक ,सिविल अस्पताल,पीएचसी, सीएचसी में वृद्धजन दिवस पर वृद्धजनो के लिए निःशुल्क विशेष स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया गया। चिकित्सक विशेषज्ञों द्वारा शिविर में वृद्धजनो का स्वास्थ्य परीक्षण के साथ विशेष सेवाऐं जैसे ईसीजी, बीपी जांच, शुगर जांच, ब्लड टेस्ट, नेत्र परीक्षण, मानसिक जांच, बधिरता, श्रवण जांच, नाक-कान-गला जांच, हड्डी रोग समस्या की जांच, स्त्री रोग की जांच, सर्जरी से संबंधित जांच, हार्ट की जांच, क्षय रोग की जांच, फीजियोथैरेपी सेवाएं, दंतरोग जांच, निःशुल्क दवाई वितरण आदि सेवाएं दी गई।

# वृद्धजनों व दिव्यांगजनों को उपकरण किए वितरित



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

सेवा पखवाडा अन्तर्गत अन्तराष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय विभाग व जनपद पंचायत के द्वारा आयोजित समारोह मे हाटप्पिल्या विधायक मनोज चौधरी, मंडल अध्यक्ष संतोष गोठी ,नप अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव, शारदा बोथरा कि उपस्थित में योजना के तहत 25 जीवन सहायक उपकरण वृद्धजनो को तथा एडिप योजना के तहत एलीमको द्वारा तैयार उपकरण तथा 20 मोटराईज्ड ट्रायसिकल द्विव्यांगजनो को समारोह पूर्वक पुष्पमाला पहनाकर अतिथियो के द्वारा वितरीत की गई। सभी अतिथियों ने वृद्धजनो को शुभकामनाये देते हुये कहा की वृद्ध एवं द्विव्यांगजनो की सेवा और सम्मान ही सच्ची आराधना है, तथा मध्यप्रदेश सरकार सदैव वृद्धजनो और द्विव्यांजनो के साथ सेवा के लिये तैयार है। सभी अतिथियो का जनपद पंचायत सीईओ राजु मेढा, इन्द्रजीत पाल, एमआरसी प्रफुल्ल द्विवेदी के व्दारा पुष्पमाला से स्वागत किया गया। उपकरण वितरण तथा सम्मान समारोह का संचालन संकुल समन्वयक वारीस अली ने किया तथा आभार मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजू मेढा ने माना। इस अवसर पर बडी में संख्या वृद्ध और द्विव्यांगजनो के साथ जनपद सदस्य आशीष पाटीदार सहित जनमानस उपस्थित रहा।

खबर संक्षेप

## आवंटित लक्ष्यों के प्रगति समीक्षा


**ललितपुर।** एडीएम की अध्यक्षता में जिला कौशल व कार्यकारिणी समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन कलैक्ट्रेट सभागार में किया। जिसके अन्तर्गत वर्ष 2025-26 एवं 2024-25 में राजकीय, निजी प्रशिक्षण प्रदाताओं को आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति की समीक्षा की गयी। साथ ही दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत आवंटित लक्ष्य की प्रगति एवं सेवायोजन पर चर्चा की गयी। सीडीओ ने निर्देशित किया कि समस्त प्रशिक्षण प्रदाता आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष त्वरित कार्यवाही कराते हुए लक्ष्य की पूर्ति अविलम्ब पूर्ण करते हुए गुणवत्तायुक्त प्रशिक्षण प्रदान करना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला कौशल व कार्यकारिणी समिति सदस्यगण, सम्बन्धित प्रधानाचार्य एवं उनके प्रतिनिधियों व आईटीआई प्रधानाचार्य, कौशल प्रबंधक, कार्यालय सहायक, प्रशिक्षण प्रदाता के प्रतिनिधियों इत्यादि के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत

**ललितपुर।** बुधवार को सड़क हादसे ने एक ही परिवार के दो लोगों की जान ले ली है। मामला सदर कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत अमरपुर स्थित गल्ला मंडी के पास गलत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी। हादसे में थाना कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम चीरा निवासी 26 वर्षीय निकेश पुत्र सुरेश कबूतरा और उसकी मां 47 वर्षीय शिमला कबूतरा की मौत हो गई। हादसे में 37 वर्षीय सेवंती पत्नी रंजीत कबूतरा घायल हो गई जिन्हें झांसी रिफर किया है।

### गांधी जयंती आज: जगह-जगह कार्यक्रम का किया जाएगा आयोजन

# गांधी जी की पुरअमन बगावत अणुशक्ति से भी ज्यादा शक्तिशाली थीः आइंस्टीन



**ललितपुर।** गांधी जयंती पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि दूसरी बार गांधी जी जब दक्षिण अफ्रीका गए तो अपनी युवा पत्नी कस्तूरबा को भी साथ ले गए। जिस घटना ने युवा मोहनदास को आधुनिक युग के सर्वोच्च महामानव के पद पर बिठा कर गांधी के रूप में ख्यातित किया वह सुनने में बड़ी मामूली घटना मालूम देती है कि फर्स्ट क्लास के रेल टिकिट होते हुए भी उन्हें अंदर बैठे गोरे अंग्रेजों ने अंदर आने से सिर्फ मना ही नहीं किया अपितु गाली-गलौज और लात घूंसे मारकर उनकी पिटाई कर दी। जाड़े की दो बजे की रात उनके मन में ख्याल आया कि पत्नी के अलावा इस अप्रिय घटना को किसी परिचित भारतीय ने नहीं देखा, इसलिए स्वदेश उल्टे पांव लौट लिया जाये, साथ ही दूसरा ख्याल ये भी आया कि जिन्होंने ने दुर्व्यवहार किया है उनसे मेरी कोई रंजिश नहीं है। दूसरे वे यह नहीं जान रहे हैं कि उन्होंने क्या किया है। गांधीजी ने मन ही मन निर्णय लिया कि इंसान इंसान के बीच में काले गोरे का भेद अक्षम्य अपराध और पाप है। परंतु उससे भी ज्यादा अपराध या पाप स्वयं मेरा होता यदि मैं पापी से तो पाप का बदला लेता और उस सिस्टम का प्रतिशोध नहीं करता जो कि समस्त भेदभावों की जड़ है। ऐसी ही छोटी-छोटी घटनाओं ने इस युग के सबसे बड़े वैज्ञानिक आइंस्टीन को इतना प्रभावित किया कि इ = एम सी स्क्वायर के सूत्र पर आधारित अणु शक्ति के आविष्कारक को यह स्वीकार करना पड़ा कि गांधी जैसे दुबले पतले हाड़-मांस का आदमी कभी इस धरती पर आया था कदाचित हजारों साल बाद की पीढ़ियाँ मुश्किल से ही विश्वास कर पायेगीं। महान वैज्ञानिक आइंस्टीन ने यह भी स्वीकार किया था कि गांधी जी की पुरअमन बगावत (शांतिमय प्रतिरोध) अणुशक्ति से भी ज्यादा शक्तिशाली है। हिमालय जैसी शान्ति और ज्वालामुखी जैसी विस्फोटक क्रान्ति के अपूर्व संगम थे, आधुनिक विश्व के महामानव गाँधी जी अतीत में जो कुछ महापुरुषों ने कहा, उसका सार हमने गाँधी जी में पाया निःसन्देह वे पहले के प्रयत्नों के फल और आगे की आशाओं के बीज हैं। स्वतंत्र भारत में अनेक नेकदिल नेताओं यथा जयप्रकाश नारायण, अन्ना हजारे, सुन्दर लाल बहुगुणा आदि ने अपने अपने आन्दोलनों को चमक प्रदान की। हमें गाँधी को टुकड़ों में नहीं, समग्रता में देखना होगा। गाँधी जी ने अपने जीवनकाल में स्पष्ट घोषणा की थी कि मेरे न रहने पर जवाहरलाल नेहरू और विनोबा भावे मेरे राजनैतिक और आध्यात्मिक उत्तराधिकारी हैं जो मेरी ही भाषा बोलेंगे। दक्षिण अफ्रीका में और स्वदेश लौटने पर भारत में गाँधीजी का आगमन निर्णायक घड़ी में हुआ, जिस समय प्रथम विश्व युद्ध और सोवियत रूस की बोल्शेविक क्रान्ति के दोहरे प्रभाव के कारण पूर्ववर्ती पुनर्जागरण के अग्रदूत स्वामी दयानंद सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के राष्ट्रप्रेम का दायरा समस्त मानवप्रेम से जुड़ता चला जा रहा था।

### राजनैतिक दलों के साथ बैठक संपन्न

# इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के आगामी पुनरीक्षण कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

उत्तर प्रदेश विधान परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के अंतर्गत इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के आगामी पुनरीक्षण कार्यक्रम हेतु एडीएम अंकुर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बताया गया कि स्नातक स्तर के मतदाताओं के फार्म 18 सम्बंधित पदाविहित अधिकारी के कार्यालय में जमा होंगे, इसके लिए जनपद में 8 पदाविहित अधिकारी नियुक्त किये गए हैं। विगत 3 वर्ष पूर्व स्नातक की डिग्री प्राप्त कर चुके युवा मतदाता बन सकते हैं। इसके साथ ही भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण में लगे सभी अधिकारियों के सम्बंध में अंतिम प्रकाशन अर्थात 30 दिसम्बर 2025 तक भारत निर्वाचन आयोग की अनुमति के बिना स्थानांतरित करने पर रोग लगा दी गई है। बैठक में निर्देश दिये गए कि जिले स्तर पर अधिकारियों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर सभी खण्ड विकास अधिकारियों को एड कर लें, इसके अलावा राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों को निर्वाचन सम्बंधी किसी भी जानकारी के लिए एडीएम ने अपना दूरभाष नम्बर दिया। बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने सुझाव भी दिये, जिन्हें सूचीबद्ध किया गया। बैठक में एसडीएम पाली, एसडीएम मड़ावरा, बीडीओ जखौरा, बीडीओ बार, बीडीओ बिरधा, एईओ, राजनैतिक दलों में आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी, भाजपा से जगदीश सिंह, इण्डियन नेशनल कांग्रेस से अजय प्रताप सिंह तोमर, समाजवादी पार्टी से प्रमोद इमलिया, अपना दल से सोहनलाल निरंजन आदि उपस्थित रहे।

### ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अंतर्गत आयोजन

# एक माह में पैंसठ अभियोगों में हुई सतत पैरवी

- 87 अपराधियों को कराई गई अधिक से अधिक सजा
- दो लाख से अधिक अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

**ललितपुर।** डीजीपी लखनऊ द्वारा अभियोगों की प्रभावी पैरवी कराये जाने के आदेश के क्रम में ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत एडीजी कानपुर जोन, डीआईजी झांसी परिक्षेत्र के निर्देश व एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन में जनपद में चिन्हित अभियोगों में अपराधियों को शीघ्र व अधिक से अधिक सजा दिलाने जाने हेतु प्रभावी पैरवी कराते हुये मॉनीटरिंग सेल/पैरवी सेल में नियुक्त अधिकारियों, कर्मचारियों, सीओ, थाना प्रभारी और विवेचकों आदि को न्यायालय में पैरवी हेतु नामित किया गया था।

इनके द्वारा अपराधों के अभियोगों की समुचित पैरवी न्यायालय में करते हुए साक्ष्य हेतु महत्वपूर्ण गवाहों को माननीय न्यायालय में समय से प्रस्तुत कराकर मॉनिटरिंग सेल एवं अभियोजन द्वारा की गई प्रभावी पैरवी से न्यायालय द्वारा एक माह सितम्बर में कुल 65 चिन्हित अभियोगों में कुल 87 अपराधियों को अधिक से अधिक सजा करवायी गयी तथा कुल दो लाख तीन हजार नौ सौ रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित करवाया गया है। इसके अलावा पॉक्सो, दुष्कर्म के पांच अभियोगों में 6 अपराधियों को सजा करायी गयी, जिसमें एक अपराधी को 10 वर्ष का कठोर कारावास व एक अपराधी को 5 वर्ष 6 माह, तीन अपराधियों को 3 वर्ष एवं एक अपराधी को एक वर्ष की सजा के साथ 86 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। वहीं अन्य 60 चिन्हित अभियोगों में 81 अपराधियों को अधिक से अधिक सजा व अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

# अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर पं. दीनदयाल उपाध्याय वृद्ध आश्रम में किए गए आयोजन




**ललितपुर।** समाज कल्याण निदेशालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 1 अक्टूबर 2025 को समाज कल्याण अधिकारी की अध्यक्षता में वृद्धा आश्रम में दामोदर शर्मा की देख रेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के आरंभ में आये हुए सभी आगंतुकों का स्वागत किया। तदोपरान्त मुख्य अतिथि समाज कल्याण अधिकारी संजय श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि समाज एक परिवर्तनशील व्यवस्था है और इस दौर से प्रत्येक समाज के व्यक्ती को गुजरना है। परिवार से उपेक्षित एवं निसंतान बुजुर्गों की देखरेख हेतु वृद्ध आश्रम की स्थापना प्रत्येक जिले में की गयी है। इसी क्रम में जिला स्तरीय समिति के सदस्य एवं समाजसेवी मनमोहन जड़िया ने बताया गया कि जिले के वृद्ध आश्रम जिसका में सदस्य हूँ कि सुविधाओं को देख कर मेरा मन प्रफुल्लित होता है। शिवम देव आलिया एवं अभय श्रीमाली पत्रकार द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए। प्रभाकर शर्मा सुलह अधिकारी (वृद्ध जनों) द्वारा भी वृद्धों को संबोधित किया गया। इस दौरान वरिष्ठ पेंशन प्राप्त प्राप्त करने वालों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में रूपेश परिहार, समा बानो, ज्योति अहिरवार, रेणु नामदेव, रामगोपाल साहू, घनश्याम साहू, दीपक पटेल, पुष्पा राजपूत एवम वृद्धजन उपस्थित रहे। अंत में आभार दामोदर शर्मा प्रबंधक पं.दीनदयाल उपाध्याय वृद्धा आश्रम द्वारा किया गया।

# गोवंश को लेकर भारत में सख्त कानून की आवश्यकताः आचार्य



**ललितपुर।** चित्रकूट अखण्ड सच्चिदानंद आश्रम ट्रस्ट तालाबपुरा में विगत दिनों से चल रही दिव्य श्रीमदभागवत कथा में पूज्य कथा व्यास अचार्य पं.हरिओम शरण कौशिक ने कहा कि हमारी भारत भूमि पर गायों पर हिंसा बेहद शर्मनाक है। जब गायें दूध देना बंद कर देती हैं तो उनको रोड पर छोड़ दिया जाता हैं। जहां या तो दुर्घटना का शिकार हो जाती है या फिर बूचड़ख़ाने में भेज दिया जाता हैं। गौ को माता मानने वाले देश मैं इस प्रकार की दुर्दशा हो रही है कि गौचर भूमि पर अवैध क़ब्ज़े से रोड पर मजबूर होकर गौ माता सतत अनशन कर रही है। वास्तविकता जहां गायों का संवर्धन नहीं होगा, वहां भगवान भी कैसे आयेंगे। जहां गाये नहीं होगीं वहां गोविंद कहां से आयेंगे। उक्त उद्गार पूज्यश्री ने व्यक्त किये। इसमें मुख्य यजमान राजकुमार गुप्ता, रामजी गुप्ता, भगवत भूषण, देवकीनंदन कौशिक, आदि मौजूद थे।

# चुनावी रणनीति के बीच वरिष्ठ नागरिकों से भी मिले सांसद

**ललितपुर।** वरिष्ठ नागरिक दिवस की पूर्व संध्या पर वरिष्ठ नागरिक समिति के पदाधिकारी से झांसी ललितपुर के सांसद पंडित अनुराग शर्मा से ललितपुर प्रवास पर मिले और उन्हें वरिष्ठ नागरिक दिवस पर अपने कार्यक्रम में उपस्थित होने हेतु आमंत्रित किया तथा जनपद स्तर पर वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया, जिसमें मुख्य समस्या विगत दो वर्ष पहले वरिष्ठ नागरिक भवन हेतु जिलाधिकारी ने अपनी बैठक में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को लिखित रूप से भवन तैयार कर आवंटन हेतु निर्देशित किया था साथ ही नगर में सड़कों की दुर्दशा पर एवं विद्युत की आपूर्ति में अव्यवस्थाओं पर शीघ्र निस्तारण हेतु कहा था, किंतु आज की स्थिति भी दो वर्ष पूर्व जैसी ही है ना तो नगर बैठक मेंपालिका के माध्यम से भवन प्राप्त हुआ है और ना ही सड़कों की और विद्युत की व्यवस्थाएं सुधरी हैं सांसद जी ने वरिष्ठ नागरिकों की समस्याएं शीघ्र ही निस्तारित कराकर भवन हेतु नगर पालिका अधिशासी अधिकारी से तत्काल कार्यवाही हेतु कहा ' उपचुनाव के प्रत्याशी के ससुर मुन्नालाल जैन का समिति से परिचय कराया और चुनाव के लिए सहयोग की मांग की।

### समिति के अधिकतम रक्तवीर को मिला स्नेह चिन्ह और प्रमाण पत्र

# जय अम्बे रक्तदान समिति को किया सम्मानित



**ललितपुर।** स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के ब्लड बैंक प्रांगण में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर जय अम्बे रक्तदान समिति और और समिति के अधिकतम बार रक्तदान करने वाले रक्तवीर अजय साहू 55 वी, रोहित सोनी 35 वी, संतोष पटेल, 25वी फारुख खान 21 वी वार रक्तदान करने पर स्नेह चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जय अम्बे रक्तदान समिति लगातार 17 वर्षों से रक्तदान के क्षेत्र में कार्य कर रही है और हजारों जरूरतमंदों को रक्तदान करा कर उनकी जान बचाई है। समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर ने बताया है कि हमारी समिति के सैकड़ों रक्तवीरों ने 50 से अधिक बार रक्तदान किया है जो जिले की एकमात्र समिति द्वारा किया गया है। इस मौके पर जय अम्बे रक्तदान समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर, कन्हैयालाल रजक, बलराम अहिरवार, चन्दन सिंह अहिरवार, दीपक अहिरवार, रोहित सोनी, अजय साहू, संतोष पटेल, फारूक खान आदि उपस्थित रहे।

# नवदुर्गा के उपरांत बुंदेली संस्कृति का लोकोत्सव नौरता का पूजन



**ललितपुर।** तहसील महरौनी अंतर्गत ग्राम कुम्हैड़ी में अविवाहित बच्चियों ने अश्वनि शुक्ल प्रतिपदा से पूरे नौ दिन तक ब्रह्ममुहूर्त में गांव की चौपालों या गांव के बड़े चबूतरों पर अविवाहित बड़ी बेटियों द्वारा सरजित एक रंग बिरंगा ऐसा संसार दिखता है जिसमें एक व्यवस्था होती है, संस्कार होते हैं। रागरंग और लोकचित्रों में बुन्देली गरिमा होती है।

हमारी बेटियां एक साथ गीत संगीत, नृत्य चित्रकला और मूर्तिकलां, साफ-सफाई संस्कारों से मिश्रित लोकोत्सव नौरता मनाती है। दीवार एक विराट दैतयाकार प्रतिमा जिसका श्रृंगार चने की दाल, ज्वार के दाने, चावल, गुलाबास के फूलों से सजाया और अलंकृत किया जाता है। इसके चबूतरे की रंगोली के समान निर्मित दुदी एवं सूखे रंगों से चौक पूरा जाता है। लड़कियों की स्वर लहरी फूट पड़ती है।

**नारे सुअटा, गौरा देवी क्वांरे में नेहा तोराः** बुन्देलखण्ड की मात्र कुंआरी कन्याओं के लिए आरक्षित है। इसमें देवी पार्वती की आराधना का स्वरुप कुंआरी अवस्था का ही है। ऐसी मान्यता है कि सामान्य रुप से नौरता का अर्थ एक दैत्य था (सुअटा का भूत) जो कुंआरी कन्याओं को खा जाता था। लड़कियों ने उससे प्राण बचाने के लिए माता पार्वती की आराधना नवरात्रि में की और वे सुरक्षित हो गयीं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रिया, राशि, नैंसी, गीता, वैष्णवी, सुजाता, बुलबुल, गौरी एवं संपूर्ण मुहल्ला की लड़कियों ने प्रतिभाग किया।

# जैन शिक्षक सामजिक समूह की शिक्षक संगोष्ठी पांच को होगी




**ललितपुर।** नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अटा मंदिर में चातुर्मासरत वैज्ञानिक संत आचार्य निर्भय सागर महाराज के ससंघ पावन सानिध्य एवं जैन पंचायत समिति के तत्वावधान में शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन 05 अक्टूबर रविवार को किया जायेगा।

संयोजक प्रफुल्ल जैन ने बताया कि आचार्य श्री के आशीर्वाद से एक दिवसीय शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन दो सत्र में आयोजित होगा।शिक्षक संगोष्ठी पत्रिका के विमोचन के दौरान जैन पंचायत समिति के अध्यक्ष डां अक्षय टडैया, महामंत्री आकाश जैन,मंत्री कैप्टन राजकुमार जैन,संयोजक सनत जैन खजुरिया,मीडिया प्रभारी अक्षय अलया,प्रबंधक मनोज जैन बबीना,अजय जैन गंगचारी,देवेंद्र जैन,जितेंद्र जैन,सत्येंद्र जैन,धीरेंद्र जैन,दीपक जैन,प्रदुम्न जैन,राहुल जैन, रीतेश जैन,राजीव बजाज, पुष्पेंद्र जैन, संजय टडैया, नितिन कडंकी, सचिन जैन,अंकित मोदी,अनूप चौधरी, दीप्ति जैन, अंजली जैन, स्नेहवर्षा जैन,मोहिता जैन, रागनी जैन, इंद्रा जैन, निधि जैन, श्वेता सिंघई, नेहा मौजूद रहे।

# चतुर्थ पुण्यतिथि पर याद किए गए कॉमरेड प्रकाशचंद्र श्रीमाली



**ललितपुर।** वरिष्ठ पत्रकार, लोकतंत्र सेनानी कामरेड प्रकाशचन्द्र श्रीमाली की चतुर्थ पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने सर्वप्रथम कामरेड प्रकाश चन्द्र श्रीमाली के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि कामरेड प्रकाश श्रीमाली एक सच्चे कलमकार थे। उन्होंने न केवल अपनी कलम से दबे, कुचले वर्ग की अबाज बुलंद की बल्कि 1975 में लगे आपातकाल का भी डटकर विरोध किया। कामरेड श्रीमाली आपातकाल दौरान साईकिल में माइक बांधकर अकेली ही महरौनी के इंदिरा चौराहे पर तत्कालीन सरकार के खिलाफ सभा करने लगे थे। जिसके बाद उन्हें मीसा के तहत गिरफ्तार कर 09 माह के लिए झांसी कारागार भेज दिया गया था। लोकतंत्र सेनानी श्रीमाली ने कभी भी अपने सिद्धान्तों से समझौता नहीं किया। कार्यक्रम के अंत में अन्नपूर्णा सेवा संघ के माध्यम से जिला अस्पताल में गरीबों की भोजन सेवा की गई। कार्यक्रम में राजीव बबेले, पवन संज्ञा, संतोष शर्मा, विजय जैन कल्लू, नवनीत किलेदार, हरिबाबू शर्मा, बलबंत सिंह राजपूत, शशिकांत दीक्षित, रामनरेश दुबे, सुनील खजुरिया, अमित सोनी, नसीम खान, क्रष्ण कांत सोनी, बहादुर अहिरवार आदि मौजूद थे।

# श्रीरामनवमी, मूर्ति विसर्जन व विजयदशमी को लेकर पुलिस सतर्कः एसपी



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने गूगल मीट के माध्यम से जिले के पुलिस अधिकारियों के साथ रामनवमी, दुर्गा मूर्ति विसर्जन, विजयदशमी के परिपेक्ष्य में तैयारियों की समीक्षा कर त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए निर्देशित किया गया।

जनपद के सभी मूर्ति विसर्जन स्थलों पर उचित मात्रा में पुलिस बल, नाविकों, गोताखोरों व अन्य आवश्यक संशाधनों उचित प्रबंधन व व्यवस्थापन कर, उन्हें पूर्व में ही उनकी ड्यूटी के परिपेक्ष्य में ब्रीफिंग करना सुनिश्चित करें। ऐसे मूर्ति विसर्जन स्थल, जहां पर जलस्तर अधिक है, वहां रस्सियों (बैरिकेटिंग) की व्यवस्था अनिवार्य रूप से कराई जाए, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो। ड्यूटी में लगे समस्त पुलिस बल को सुरक्षा उपकरणों से लैस रहकर अपनी ड्यूटी पूरी सतर्कता एवं गंभीरता से करने के निर्देश दिए गए। समस्त थानों की पीआरवी को निर्धारित स्थलों पर ड्यूटी डिप्लॉयमेंट करना सुनिश्चित करे।

**ध्वनि नियंत्रण एवं डीजे पर निगरानी**

विसर्जन के दौरान डीजे/ध्वनि विस्तारक यंत्र निर्धारित ध्वनि सीमा के अंतर्गत ही बजाए जाएं। किसी भी प्रकार का अश्लील, उत्तेजक अथवा ऐसे गीत/संगीत नहीं बजने चाहिए जिनसे किसी धर्म, जाति अथवा समुदाय की भावनाएं आहत हों। इस संबंध में पूर्व से ही डीजे संचालकों एवं आयोजकों के साथ बैठक कर, उन्हें सभी आवश्यक दिशा-निर्देशों से अवगत कराया जाए।

**शांति एवं सौहार्द बनाए रखने हेतु व्यवस्था**

मूर्ति विसर्जन मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रहे, ताकि यातायात -व्यवस्था सुचारू बनी रहे और कोई जाम न लगे। भीड़ नियंत्रण एवं शांति- व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस बल को नजदीकी स्थानों पर मुस्तैदी से तैनात किया जाए।

**पुलिस कर्मियों हेतु विशेष निर्देश**

ड्यूटी के दौरान सभी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी सतर्कता, संयम और सौम्यता के साथ अपने निर्धारित स्थान पर ड्यूटी का कार्य करें। किसी भी प्रकार की अफवाह अथवा विवाद की स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचित किया जाए और त्वरित व प्रभावी कार्रवाई की जाए। सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी त्यौहार (रामनवमी/दुर्गा मूर्ति विसर्जन, विजयदशमी) के दृष्टिगत पोस्टर पार्टियों को समय से निकालना व उनकी उचित ब्रीफिंग करना सुनिश्चित करे। रामनवमी त्यौहार के दृष्टिगत निकलने वाले जुलूस/शोभायात्रा में बाक्स फार्मेशन में ड्यूटी लगाकर जुलूस/शोभायात्रा को सकुशल सम्पन्न कराया जाए।

# आम सहमति से एजेंडा नहीं हुआ तय, कैसे होगा नगर का विकास

## बैठक में पहुंचे 4 पार्षद, 14 ने किया बहिष्कार, कोरम के अभाव में नपा परिषद की बैठक स्थगित, अध्यक्ष सहित अधिकांश पार्षद अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर पालिका परिषद का साधारण सम्मेलन मंगलवार को तय समय पर नगर पालिका कार्यालय में होना था, लेकिन अध्यक्ष सहित आधे से अधिक पार्षद बैठक में नहीं पहुंचे इस कारण बैठक को स्थगित करना पड़ा।

बैठक के दौरान नगर के विकास से जुड़े 28 प्रस्तावों पर चर्चा एवं अनुमोदन होना था। लेकिन अध्यक्ष एवं कुछ पार्षदों का कहना था कि मनमाने ढंग से एजेंडा निकला और बैठक की सूचना भी समय पर नहीं पहुंची। वहीं आज अष्टमी का त्यौहार है लगभग सभी घरों में पूजा होती है। वहीं सीएमओ ज्योति सुनहरे ने बताया कि बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 की योजनाओं जैसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे गए लेकिन पर्याप्त संख्या में पार्षदों की अनुपस्थिति के चलते कोरम पूरा नहीं हो पाया और बैठक स्थगित करना पड़ी। अब इन प्रस्तावों पर विचार के लिए अगली बैठक की तारीख शीघ्र घोषित की जाएगी। नगर पालिका की ओर से नगर में विकास कार्यों में देरी को लेकर निराशा देखने को मिल रही है।




### सारंगपुर परिषद की बैठक में पहुंचे 4 पार्षद

सारंगपुर नगर पालिका की विशेष बैठक मंगलवार को हंगामे और बहिष्कार के कारण अधूरी रह गई। नगर पालिका सभागार में तय इस बैठक में नगर हित के 28 अहम बिंदुओं पर चर्चा प्रस्तावित थी। लेकिन बैठक में अध्यक्ष पंकज पालीवाल समेत 14 पार्षद तय समय पर नहीं पहुंचे या उन्होंने बहिष्कार कर दिया। वहीं पार्षदों का आरोप है कि नपा आधिकारी की मनमानी और पार्षदों की अनदेखी के चलते उन्होंने बैठक में शामिल न होने का निर्णय लिया। बैठक में 18 पार्षदों में से केवल 4 ही पहुंचे। इनमें वार्ड 08 की पार्षद एवं उपाध्यक्ष भावना वर्मा वार्ड 18 से रुखमणीबाई लववंशी, वार्ड 10 से दुर्गाबाई राठौर और वार्ड 17 से सिद्धिबाई पुष्पद उपस्थित रहे। गैरहाजिरी की वजह से बैठक स्थगित करनी पड़ी और शहर के विकास से जुड़े कई निर्णय टल गए। इस दौरान डूडा अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर निधि भारद्वाज ने पुर मामले पर नजर रखते हुए राजस्व से जुड़े मामलों की समीक्षा की। उन्होंने नपाधिकारी ज्योति सुनहरे और राजस्व कर्मचारियों से सवाल किए जांच में सामने आया कि शहर में करीब 740 अवैध नल कनेक्शन हैं और करीब दो करोड़ रुपये का राजस्व बकाया है। कर्मचारियों ने माना कि बड़े नेताओं और प्रभावशाली नागरिकों के संरक्षण के चलते वसूली प्रक्रिया में कठिनाई होती है। इस पर भारद्वाज ने नाराजगी जताई और राजस्व वसूली को प्राथमिकता देने के कड़े निर्देश दिए।

### नप अधिकारियों पर पार्षदों के अनदेखी का आरोप

बैठक का बहिष्कार करने वाले पार्षदों का कहना है कि नपाधिकारी पार्षदों की उपेक्षा करते हैं और एजेंडा तय करने में उनकी राय को नजरअंदाज किया जाता है। वहीं, डूडा अधिकारी का कहना था कि कई पार्षदों तक बैठक की सूचना समय पर नहीं पहुंची, जिसके कारण वे शामिल नहीं हो सके। बैठक स्थगित होने से एक ओर विकास कार्यों से जुड़े प्रस्ताव अटक गए हैं, तो दूसरी ओर अवैध नलों और बकाया राजस्व के कारण आर्थिक स्थिति कमजोर हो रही है। फिलहाल अगली बैठक की तारीख तय की जाएगी, लेकिन यह साफ है कि पार्षदों और अधिकारियों के बीच टकराव खत्म हुए बिना कामकाज सुचारु होना कठिन है।

संवाद से समाधान कार्यक्रम में कार्यवाही के साथ-साथ निपटाई शिकायतें

# तत्कालीन पंचायत सचिव सस्पेंड, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी की वेतनवृद्धि रोकी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा संवाद से समाधान कार्यक्रम के तहत हर मंगलवार को आयोजित होने वाले संवाद कार्यक्रम में अर्से से लंबित सीएम हेल्पमलाईन की 5 से 6 शिकायतों का रेंडमली चयन किया जाता है।

कलेक्टोरेट सभागार में शिकायतकर्ता और संबंधित अधिकारी की उपस्थिति में शिकायतकर्ता और संबंधित अधिकारियों को अपने सम्मुख सुना और शिकायतों का निराकरण करवाया। साथ ही गैर-जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों पर कार्यवाही के निर्देश दिए गए। एक शिकायतकर्ता रजनीश दांगी द्वारा बताया गया कि उनके ससुर हजारीलाल दांगी जीवित है लेकिन पंचायत सचिव द्वारा लापरवाही करते हुए समग्र आईडी में सदस्य को मृत घोषित कर दिया है। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने तत्कालीन पंचायत सचिव प्रेमसिहं दांगी को निलंबित करने व जनपद पंचायत सीईओ खिलचीपुर की एक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए।

एक अन्य मामले में शिकायतकर्ता रामचंद्र दांगी ने बताया गया कि मेरी पत्नी का नाम सीलाबाई है लेकिन समग्र आईडी में हमें अविवाहित दर्शा दिया गया है। शिकायत पर कलेक्टर ने उचित कार्यवाही नहीं करने पर सामाजिक सुरक्षा अधिकारी जीरापुर की एक वेतन वृद्धि रोकने व जनपद पंचायत सीईओ जीरापुर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### परिवार आईडी में जोड़ दिए अज्ञात लोगों के नाम

संवाद से समाधान के दौरान राजगढ निवासी आवेदक नौसाद अली ने बताया गया कि उनकी परिवार आईडी में चार अज्ञात लोगों के नाम जोड दिए गए हैं जिससे आवेदक को काफी समस्याएं हो रही हैं। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, नगर पालिका राजगढ़ वार्ड प्रभारी की एक-एक वेतन वृद्धि रोकते हुए निर्देशित किया कि तीन दिवस में शिकायत का निराकरण करें।

### मां शीतला के दरबार से पूजा अर्चना कर प्रारंभ हुई चुनरी यात्रा

**जीरापुर**। मां शीतला माता के दरबार से रजक समाज एवं पार्षद सुशीला मनोहर बरेठा द्वारा संयुक्त रूप से मां शीतला एवं ध्वज चुनरी की पूजा अर्चना चुनर यात्रा ढोल धमाके डीजे के साथ प्रारंभ होकर बुधवारीया बाजार, अटल चौक, इंदर चौराह, विवेकानंद चौराह, से बंसल कॉलोनी स्थित मां चामुंडेश्वरी माता मंदिर पर पहुंची जहां पर मां चामुंडेश्वरी को 101 मी चुनरी चढ़ाई गई। चुनर यात्रा में बड़ी संख्या में रजक समाज बंधु श्रद्धालु भक्तिजन सम्मिलित हुए।

# मालवा गरबा महोत्सव भक्ति के रंग में संपन्न



**नरसिंहगढ़**। भंडारी उद्यान में सोमवार रात मालवा गरबा महोत्सव का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के रंग में हुआ। 100 से अधिक प्रतिभागियों ने गरबा नृत्य में भाग लेकर वातावरण को उल्लास और आध्यात्मिकता से भर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि सुदीप शर्मा, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र परमार एवं अन्य अतिथियों द्वारा पूजन-अर्चन के साथ हुआ। आयोजन की विशेषता यह रही कि पूरे गरबा में केवल भक्ति गीतों और भजनों पर ही नृत्य किया गया। आयोजकों ने संदेश दिया कि संस्कृति और भक्ति से जुड़े कार्यक्रम भी पूरी भव्यता के साथ आयोजित किए जा सकते हैं। इस मौके पर सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर सोनू शर्मा, मनोज मीणा और धीरज मीणा ,महंत चंद्रमा दास महाराज, महंत दीपेंद्र दास, पंडित जगदीश शास्त्री, भूपेंद्र मिश्रा, मंजुलता शिवहरे सहित अन्य विशेष रूप से उपस्थित थे।

सर्प पकड़ने में दक्ष हैं कोतवाली में पदस्थ पुलिसकर्मी दिनेश गुर्जर

# एक घर में दाखिल हुए 10 फीट लंबे सर्प को पुलिसकर्मी ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

बारिश के दिनों में जहरीले जंतु अपने बिलों से बाहर निकलकर स्वच्छंद विचरण करने लग जाया करते हैं। इन जहरीले जंतुओं का यह विचरण इंसानों के लिए खतरनाक भी साबित हो सकता है। ऐसे में आपके घर या आसपास यदि सर्प या अन्य जहरीला जंतु दाखिल हो जाए तो स्वयं उसे पकड़ने का प्रयास न करते हुए इस कार्य में दक्ष व्यक्तियों को बुलवाना चाहिए।

राजगढ़ कोतवाली थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक दिनेश गुर्जर को भी सांप, गोहरा इत्यादि जहरीले जंतुओं को पकड़ने में महारत हासिल है। मंगलवार को पुरा क्षेत्र स्थित एक घर में करीब 10 फीट लंबा सर्प नजर आने पर घर के लोग भयभीत हो उठे। ऐसे में पुलिसकर्मी दिनेश गुर्जर को फोन लगाने पर वे तुरंत संबंधित स्थान पर पहुंचे और कुछ समय कोशिश करने के बाद अंततः उन्होंने सर्प को पकड़कर उसे उसके प्राकृतिक निवास जंगल में जाकर छोड़ दिया।



### जहरीले जंतुओं को पकड़ने में विनय दीक्षित भी हैं दक्ष

पुलिसकर्मी दिनेश गुर्जर के साथ ही राजगढ़ नगर निवासी विनय दीक्षित उर्फ वीनू को भी सांप, गोहरा सहित अन्य जहरीले जंतुओं को पकड़ने में महारत हासिल है। इसी बारिश के मौसम में नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की रहवासी बस्तियों में दाखिल हुए अनेकों जहरीले जंतुओं को पकड़कर जंगलों में छोड़कर आ चुके हैं।

# मां शीतला के दरबार में हुआ कन्या भोज का आयोजन



**जीरापुर**। मां शीतला के दरबार में धार्मिक श्रद्धा और भक्ति के साथ कन्या भोज का आयोजन किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मां शीतला के दर्शन करने पहुंची। कन्या पूजन के बाद श्रद्धापूर्वक कन्याओं को भोजन कराया गया और उन्हें उपहार भी भेंट किए गए। आयोजन समिति ने बताया कि कन्या भोज परंपरागत रूप से हर वर्ष आयोजित किया जाता है, जिसमें श्रद्धालु उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं और मां शीतला से सुख-समृद्धि एवं मंगल की कामना करते हैं। मां शीतला माता महिला मंडल द्वारा विगत 22 वर्षों से मां जगत जननी शीतला माता के दरबार में कन्या भोज का आयोजन किया जाता है 23 वें वर्ष में भी कन्या भोज आयोजन किया गया।

व्यवस्थाओं को लेकर हिंदू उत्सव समिति की बैठक आयोजित

# सारंगपुर में दो स्थानों पर होगा रावण दहन

**सारंगपुर**। विजयादशमी पर्व को लेकर हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला की अध्यक्षता में सोमवार रात्रि को उत्कृष्ट विद्यालय दशहरा मैदान में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में रावण दहन समारोह की तैयारियों की समीक्षा कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। समिति ने निर्णय लिया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नगर में दो स्थानों पर रावण दहन होगा। पुराने दशहरा मैदान पर रावण दहन शाम 6 बजे तथा नए दशहरा मैदान पर रावण दहन रात्रि 8 बजकर 30 बजे रंगारंग आतिशबाजी के साथ किया जाएगा।



बैठक में तय कार्यक्रम के अनुसार रावण दहन से पूर्व भव्य जुलूस शाम 3 बजे अम्बे माता मंदिर पटवावाड़ी से प्रारंभ होगा। यह जुलूस टेंशन चैराहा, गांधी चैक, सदर बाजार, मंडाई चैराहा, पुराना गाड़रीवाड़ा और पटेलवाड़ी से होते हुए पुराने दशहरा मैदान पहुंचेगा। जुलूस में राम, लक्ष्मण, हनुमान जी के साथ विभिन्न अखाड़ों की आकर्षक प्रस्तुतियां देखने को मिलेंगी।

पुराने दशहरा मैदान पर पंडित चंद्रमोहन व्यास द्वारा विधिविधान से पूजा-अर्चना के बाद रावण का दहन शाम 6 बजे भव्य आतिशबाजी के बीच किया जाएगा। इसके उपरांत जुलूस पुनः मंडाई, जामा मस्जिद, रंगेरवाड़ी, बाग कुआं टंकी, बदलीपुरा और दीनदयाल चkराहा बस स्टैंड होते हुए उत्कृष्ट विद्यालय नया दशहरा मैदान पहुंचेगा। यहां मंचासीन कार्यक्रम के पश्चात पंडित भूपेंद्र जोशी द्वारा पूजा अर्चना कराने के बाद नए दशहरा मैदान पर रात्रि 8 बजकर 30 बजे रावण का दहन किया जाएगा। हिंदू उत्सव समिति ने नगरवासियों से कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक शामिल होने और शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। बैठक के दौरान नपा उपाध्यक प्रतिनिधि नीलेश वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, सुशील व्यास,अशोक साहू, दिनेश सिसोदिया, महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद, नवीन रुण्डवाल, महेश प्रजापति, संतोष धनगर, अमित पुष्पद सहित हिन्दू उत्सव समिति सदस्य मौजूद थे।



### सर्वोदय पब्लिक स्कूल में गरबा महोत्सव संपन्न

**तलेन**। मंगलवार को नगर के सर्वोदय पब्लिक स्कूल विद्यालय प्रांगण में गरबा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के सभी भैया-बहनों ने रंग-बिरंगे परिधानों में डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को उत्साह और उमंग से भर दिया। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर मां अम्बे की आराधना की और देश की उन्नति व समृद्धि की कामना की।

दशहरे की खुशियां फीकी पड़ने का खतरा

# नपा के सफाईकर्मियों को दो महीने से नहीं मिला वेतन, हड़ताल पर



**सारंगपुर**। नगर पालिका सारंगपुर के सफाईकर्मी को दो महीने से वेतन न मिलने के विरोध में मंगलवार दोपहर से हड़ताल पर बैठ गए। कर्मचारियों का कहना है कि समय पर वेतन न मिलने से उनका परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा है और त्योहार पर बच्चों की खुशियां भी अधूरी रह सकती हैं। वहीं अधिकारियों का तर्क है कि शासन से चुंगी की राशि देरी से आने की वजह से वेतन वितरण प्रभावित हुआ है, लेकिन बुधवार तक सभी कर्मचारियों को वेतन मिल जाएगा। हड़ताल पर बैठे सफाईकर्मी रवि गिरजे, कुंदन गिरजे, अरुण खींगरवाल, मनोज गिरजे, रवि खटक और राधेश्याम गिरजे का कहना है कि उन्हें लगातार दो माह से सेलरी नहीं मिली है। आरोप यह भी है कि जब वेतन के लिए नपाधिकारी से बात की तो उन्हें निलंबित करने की धमकी दी गई। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द वेतन नहीं मिला तो त्योहार पर पूरा सफाई तंत्र ठप हो जाएगा। इस पर नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनहरे ने कहा कि शासन स्तर से चुंगी राशि समय पर नहीं आने से दिक्कत खड़ी हुई है। उनका कहना है कि नगर पालिका का मासिक वेतन खर्च करीब 60 से 65 लाख रुपये है, जबकि शासन से चुंगी के रूप में केवल 35 लाख रुपये ही आते हैं। इसके अलावा अन्य खर्चों के कारण कुल खर्च प्रतिमाह 70 से 80 लाख तक पहुंच जाता है। ऐसे में नगर पालिका की आय में देरी होने पर कर्मचारियों का वेतन समय पर नहीं मिल पाता। सुनहरे ने यह भी स्पष्ट किया कि सफाई तंत्र प्रभावित न हो, इस कारण कर्मचारियों को समय पर काम पर बुलाना और अनुशासन की बातें करना उनका दायित्व है।

# महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को दिया अकाउंट एण्ड टैली का प्रशिक्षण

## 60 घंटे के प्रशिक्षण में 30 विद्यार्थियों ने लिया भाग




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्वामी विवेकानंद केरियर मार्गदर्शन योजना के तहत लीड महाविद्यालय राजगढ़ में अल्पावधि रोजगार उन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वरोजगार हेतु प्रेरित करना एवं अकाउंटिंग तथा टैली के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों से अवगत कराना था।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में अंकित प्रजापति ने विद्यार्थियों को लेजर, ट्रायल बैलेंस, अकाउंटिंग आदि विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम के संयोजक वाणिज्य विभाग सहायक प्राध्यापक प्रो. प्रकाश कुमार अहिरवार ने बताया गया कि टैली के क्षेत्र में हुनर को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने जीएसटी एवं इन्कम टैक्स की गणना के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। कुल 60 घंटे के प्रशिक्षण में लगभग 30 विद्यार्थियों ने भाग लेकर स्व-रोजगार की ओर अपने कदम बढ़ाए। इस अवसर पर प्राचार्य ने विपिन खरे ने विषय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया एवं आगामी प्लेसमेंट एवं एडवांस प्रशिक्षण के लिए आश्वस्त किया। लाभान्वित होने वाले विद्यार्थियों ने बताया कि उनको पहले प्रशिक्षण के उपरांत रोजगार के लिए ऑफर आना शुरू हो गए। कार्यक्रम का संचालन आराधना यादव ने किया।

करेड़ी क्षेत्र के श्रद्धालु हर साल आयोजित करते हैं चुनरी यात्रा

# 18 किमी पदयात्रा उपरान्त मां जालपा धाम पहुंची 251 मीटर लंबी चूनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शारदेय नवरात्र में चल रहे धार्मिक आयोजनों की कड़ी में करेड़ी क्षेत्र के श्रद्धालुओं द्वारा 18 किमी की पदयात्रा करते हुए जालपा धाम पहुंचकर माता को 251 मीटर की चुनरी अर्पित की गई। यह भव्य चुनरी यात्रा करेड़ी के शीतला माता मंदिर से पूजा-अर्चना के साथ आरंभ हुई जिसमें महिलाओं, युवतियों, बालिकाओं एवं ग्रामीणों सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

इस दौरान श्रद्धालुगण माता की चुनरी को कंधों पर रखकर रखकर भजनों एवं धार्मिक गीतों पर नाचते, गाते एवं माता की भक्ति में लीन होकर साथ चल रहे थे। ग्रामीण अंचल की गलियों और मार्गों से गुजरती इस चूनर यात्रा का जगह-जगह विभिन्न मंचों से पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत, अभिनंदन किया गया। कई सामाजिक व धार्मिक संगठनों ने श्रद्धालुओं को स्वल्पाहार व पेयजल की व्यवस्था कर यात्रा को सफल बनाने में सहयोग दिया। इस चुनर यात्रा ने न केवल धार्मिक आस्था को प्रकट किया, बल्कि आपसी भाईचारे और एकता का अद्भुत उदाहरण भी प्रस्तुत किया।



### समिति एवं सामूहिक सहयोग से संपन्न हुआ आयोजन

मां शैलपुत्री नवदुर्गा उत्सव समिति करेड़ी एवं समस्त ग्रामवासियों सहयोग से यह चुनर यात्रा प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। यात्रा में विशेष रूप से रामबाबू पुष्पद, अंकित वर्मा, अजय वर्मा, विष्णु प्रजापति, पवन पुष्पद, मनोज सेन, सुरेश मालवीय, मुकेश गुप्ता सहित अनेक ग्रामवासी शामिल रहे। मां जालपा धाम पहुंचकर भक्तों ने चुनर अर्पित कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया और सुख-समृद्धि की कामना की।

### चुनर व कलश यात्रा निकाली

*माचलपुर। नवरात्रि के सातवें दिन प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी चुनर यात्रा नगर के चाठा कुंडी बालाजी मंदिर से निकली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल रहे। यात्रा में माता शीतला मंदिर के शिखर पर चढ़ने वाला कलश भी चुनर के आगे आगे भक्त प्रकाश सोनी सर पर लिए चल रहे थे जिन्होंने कलश की बोली 31 हजार एक सौ एक रुपए लगा कर कलश लिया था। चुनर यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी जहां श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया यात्रा के आगे आगे बालिकाएं माता रानी के भजनों की धुन पर गरबा नृत्य करते हुए चल रही थीं। चुनर यात्रा नगर के शीतलामाता मंदिर पहुंची जहा माता को 111 मीटर की चुनर चढ़ाई गई। महाआरती के साथ यात्रा का समापन हुआ।*